प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj
(Formerly Allahabad State University, Allahabad)
A Public University established under Uttar Pradesh State University Act 1973

**Ref No.: PRSU/Add./2026-01** **Date: 11.05.2026**

# कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय परिसर में सामाजिक विज्ञान संकाय, वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत संचालित समस्त एकीकृत स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अकादमिक सत्र 2026-2027 में मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से दिनांक 30.06.2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.prsuniv.ac.in** में जाकर ऑनलाइन आवेदन करके प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

इस पत्र के साथ संलग्न प्रवेश विवरणिका में पाठ्यक्रमों की सूची, प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, शुल्क तथा तिथियों की विस्तृत जानकारी दी गई है। विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले प्रवेश विवरणिका का अवलोकन अवश्य कर लें। नवीनतम सूचना हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन निरन्तर करते रहें।

**संलग्नक:** प्रवेश विवरणिका

Vivek Singh
**प्रो. (विवेक कुमार सिंह)**
समन्वयक प्रवेश, 2026-27,
पी.आर.एस.यू., प्रयागराज

**प्रतिलिप: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत:-**

1. माननीय कुलपति जी, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
2. कुलसचिव, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
3. वित्त अधिकारी, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
4. प्रभारी, समर्थ सेल को प्रवेश पोर्टल सञ्चालन हेतु।
5. वेब मैनेजर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में सूचना अपलोड करने हेतु।

www.prsuniv.ac.in

PRSU Dedicated to EXCELLENCE

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

# सामान्य प्रवेश प्रक्रिया : 2026

(विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु)

## प्रवेश विवरणिका




प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज (PRSU)

**नैनी, प्रयागराज-211010**

**Email:** admission@prsuniv.ac.in

**Website:** www.prsuniv.ac.in


-------------------------------------------------------------------------------

# संदेश

**प्रिय अभ्यर्थियों,**



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आप प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय में विभिन्न व्यावसायिक एवं शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अपना भविष्य निर्मित करने की दिशा में अग्रसर हैं। सात वर्षों से अधिक की गौरवशाली परंपरा वाला यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा उनके सपनों को साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय ज्ञान के सृजन, संवर्धन एवं प्रसार के माध्यम से मध्य भारत के एक प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित हुआ है। विश्वविद्यालय के 07 संकायों के अंतर्गत संचालित 36 शिक्षण विभाग एवं 765 से अधिक संबद्ध महाविद्यालय प्रतिवर्ष लगभग 5.65 लाख विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विविध पाठ्यक्रम संरचना, बहुविषयक शोध एवं मूल्यपरक शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय समाज के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

शैक्षणिक उत्कृष्टता विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग विभिन्न संकायों में स्नातक, समेकित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध कार्यक्रम संचालित करते हैं। आधुनिक तकनीकों, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों एवं प्रभावी शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। शिक्षण प्रक्रिया में अनुभवात्मक अधिगम, सहभागितापूर्ण अध्ययन एवं समस्या-समाधान आधारित पद्धतियों को विशेष महत्व दिया जाता है।

समर्पित एवं अनुभवी शिक्षकों, आईसीटी आधारित शिक्षण संसाधनों, उत्कृष्ट शिक्षण एवं शोध अधोसंरचना तथा आवश्यक सहयोगात्मक सुविधाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व विकास विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य है।

विश्वविद्यालय का छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित करता है। करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल तथा एलुमनाई सेल विद्यार्थियों को करियर निर्माण, मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मैं आपको प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने हेतु हार्दिक आमंत्रण देता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय का समृद्ध शैक्षणिक वातावरण, उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा एवं प्रेरणादायी परिसर आपको ज्ञान, कौशल एवं नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण बनाकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

मैं विश्वविद्यालय परिसर में आपका स्वागत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूँ तथा आपके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की मंगलकामनाएँ करता हूँ।

**डॉ० अखिलेश कुमार सिंह**
**(कुलपति)**
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

# विषय-सूची

**विषय** **पृष्ठ संख्या**

सामान्य सूचना ........ 4

महत्त्वपूर्ण निर्देश ........ 7

विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम ........ 9

प्रवेश पद्धति ........ 15

छात्रावास ........ 15

छात्रवृति ........ 15

काउंसलिंग (Counselling) ........ 16

पाठ्यक्रम, सीट एवं न्यूनतम योग्यता ........ 17

विश्वविद्यालय शुल्क विवरण ........ 21

- सम्पर्क सूत्र: ........

# सामान्य सूचना

## PROF. RAJENDRA SINGH (RAJJU BHAIYA) UNIVERSITY, PRAYAGRAJ

### Admission Notice (Session 2026-27)

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj announces schedule for admission in the following regular Integrated/UG, PG and Diploma programmes being offered at its University Campus till 30.06.2026.

**HIGHLIGHTS:**

- **Opportunities for students to prepare for Competitive Exams (UPSC, PSC, SSC, UGC NET-JRF etc.) along with Under Graduation and Post-Graduation Studies.**
- **All programmes are based on Semester, Credit and Grading System.**
- **Multidisciplinary and Interdisciplinary Choice based credit system with multiple Entry and Exit.**
- **Vocational and Value-Added Courses for Skill and Entrepreneurship Development.**
- **Digital Library, LMS-PACE and Computer Lab.**
- **Hostel Facilities for Boys and Girls.**

| (UG+PG) Programmes after 10+2 | PG Programmes after Graduation | | |
|---|---|---|---|
| **(5 Years Integrated Programmes with 3/4 Year UG)**<br>• **BA + MA -** Integrated Programme in Arts **(IPA)**<br>• **B.Com+ M.Com -**Integrated Programme in Commerce **(IPC)**<br>• **B.Sc.+M.Sc. -** Integrated Programme in Sciences **(IPS)** | • MA (Hindi)<br>• MA (Sanskrit)<br>• MA (Geography)<br>• MA (Sociology)<br>• MA (Political Science)<br>• MA (Philosophy)<br>• MA (English)<br>• MA. (Psychology) | • MA (Ancient History, Culture and Archaeology)<br>• MA (Medieval and Modern History)<br>• MA (Economics)<br>• MA (Defence & Strategic Studies)<br>• MA (Yoga) | • M.Sc. (Physics)<br>• M.Sc. (Chemistry)<br>• M.Sc. (Mathematics)<br>• M.Sc. (Botany)<br>• M.Sc. (Zoology)<br>• M.Com. (Commerce)<br>• MSW (Social Work) |

**Diploma: Diploma in Jyotish, Karmakand, Post Graduate Diploma in Yoga, NGO and Project Management, Criminology and Criminal Justice, सृजनात्मक मीडिया लेखन एवं हिन्दी पत्रकारिता, Counselling, Cyber Security, Archaeology and Museology, Tourism and Hospitality.**

Apply online only through www.prsuniv.ac.in from May **12, 2026**.The application fee is Rs. 800/- for General, OBC and EWS and Rs. 500/- for SC, ST, PWD. The application fee can be paid through Credit Card/ Debit Card/ Net Banking. The details of eligibility, procedure for filling the application form, number of seats, fee structure, Last Date etc. are available on our website www.prsuniv.ac.in

**REGISTRAR**

## प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**No. PRSU/Add./2026-01** **प्रवेश सूचना (सत्र 2026-27)** **दिनांक : 11.05.2026**

विश्वविद्यालय परिसर के शैक्षणिक विभागों में संचालित निम्नलिखित नियमित एकीकृत स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 30.06.2026 तक आमन्त्रित किये जाते हैं।

| 10+2 के पश्चात् स्नातक+परास्नातक पाठ्यक्रम | स्नातक के पश्चात् परास्नातक पाठ्यक्रम |
|---|---|
| **(पाँच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम)**<br>• बी०ए० + एम०ए०- कला में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPA)<br>• बी०कॉम० + एम०कॉम०- वाणिज्य में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPC)<br>• बी०एस-सी०+एम०एस-सी०- विज्ञान में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPS) | **कला संकाय:** हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, अर्थशास्त्र, रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन, मनोविज्ञान, योग विषयों में एम.ए. तथा एम .एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रम।<br>**विज्ञान संकाय:** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, विषयों में एम.एस-सी. पाठ्यक्रम।<br>**वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय:** एम.कॉम.। |

**डिप्लोमा पाठ्यक्रम: Diploma in Jyotish, Karmakand, Post Graduate Diploma in Yoga, NGO and Project Management, Criminology and Criminal Justice, सृजनात्मक मीडिया लेखन एवं हिन्दी पत्रकारिता, Counselling, Cyber Security, Archaeology and Museology, Tourism and Hospitality.**

उपर्युक्त समस्त पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन पत्र दिनांक 12-05-2026 से केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्रवेश से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों हेतु रू 800/- तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु रू 500/- ऑनलाइन माध्यम (डेबिटकार्ड, क्रेडिटकार्ड एवं नेट बैंकिंग) से जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी एवं नवीनतम सूचना हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsuniv.ac.in का अवलोकन करते रहें।

कुलसचिव

# विश्वविद्यालय एक दृष्टि में

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में से एक है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, अनुसंधान एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा समाज के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित यह विश्वविद्यालय आज मध्य भारत के एक महत्वपूर्ण शिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। विश्वविद्यालय का नाम महान शिक्षाविद् एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व प्रो. राजेन्द्र सिंह "रज्जू भय्या" के नाम पर रखा गया है, जिनके आदर्श ज्ञान, अनुशासन, राष्ट्रभावना एवं सामाजिक समर्पण पर आधारित थे।

स्थापना के समय से ही विश्वविद्यालय ने एक ऐसे शैक्षणिक वातावरण के निर्माण पर बल दिया है, जो बौद्धिक विकास, नैतिक मूल्यों एवं व्यावसायिक दक्षता को प्रोत्साहित करता हो। प्रगतिशील दृष्टिकोण एवं छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली के कारण यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का एक पसंदीदा केंद्र बन चुका है। विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर, समेकित एवं शोध कार्यक्रम संचालित करता है, जो विद्यार्थियों की बदलती शैक्षणिक एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में 07 संकायों के अंतर्गत 36 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग संचालित हैं तथा इससे 765 से अधिक महाविद्यालय संबद्ध हैं। प्रतिवर्ष लगभग 5.65 लाख विद्यार्थी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययन करते हैं। इस विस्तृत शैक्षणिक नेटवर्क के माध्यम से विश्वविद्यालय राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है।

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना बहुविषयक एवं अंतर्विषयक अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित की गई है। विश्वविद्यालय कला, विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, विधि, कृषि, कंप्यूटर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, योग, व्यावसायिक अध्ययन तथा विभिन्न प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है। पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय-समय पर अद्यतन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रासंगिक शिक्षा प्राप्त हो सके।

शैक्षणिक उत्कृष्टता विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय में कार्यरत योग्य एवं अनुभवी शिक्षक आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करते हैं। शिक्षण प्रक्रिया में अनुभवात्मक अधिगम, परियोजना-आधारित अध्ययन, सहभागितापूर्ण शिक्षा एवं समस्या-समाधान आधारित पद्धतियों को विशेष महत्व दिया जाता है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) आधारित स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग विद्यार्थियों के लिए प्रभावी एवं गतिशील शिक्षण वातावरण तैयार करता है।

अनुसंधान एवं नवाचार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विश्वविद्यालय विभिन्न विभागों एवं शोध केंद्रों के माध्यम से उभरते एवं सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों पर शोध कार्यों को प्रोत्साहित करता है। शोधार्थी एवं शिक्षक शोध परियोजनाओं, प्रकाशनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों में सक्रिय सहभागिता करते हैं, जिससे ज्ञान के सृजन एवं प्रसार को बढ़ावा मिलता है। विश्वविद्यालय अंतर्विषयक शोध सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं नवाचार की भावना विकसित करने का प्रयास करता है।

विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना एवं सुविधाओं का विकास किया है। परिसर में सुव्यवस्थित शैक्षणिक भवन, प्रयोगशालाएँ, सेमिनार हॉल, पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर लैब उपलब्ध हैं। केंद्रीय पुस्तकालय विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण ज्ञान संसाधन केंद्र है, जहाँ पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं, संदर्भ सामग्री एवं डिजिटल संसाधनों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म एवं ऑनलाइन शैक्षणिक डेटाबेस तक पहुँच विद्यार्थियों के अध्ययन एवं शोध अनुभव को और अधिक सुदृढ़ बनाती है।

आधुनिक शिक्षा में तकनीक के महत्व को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने विभिन्न डिजिटल पहलों को अपनाया है। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा प्रबंधन, डिजिटल परीक्षा प्रणाली एवं ई-गवर्नेंस आधारित प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने पारदर्शिता, दक्षता एवं सुगमता को बढ़ावा दिया है। विश्वविद्यालय निरंतर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं में समाहित कर विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

विश्वविद्यालय का मानना है कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से सह-पाठ्यक्रमीय, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल गतिविधियों को समान महत्व दिया जाता है। छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, युवा उत्सवों एवं सामुदायिक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करता है। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है।

विश्वविद्यालय खेल एवं शारीरिक शिक्षा को भी विशेष महत्व देता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं।

विद्यार्थियों के करियर विकास एवं रोजगारोन्मुखी कौशल के संवर्धन हेतु विश्वविद्यालय में करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल तथा एलुमनाई सेल सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। व्यक्तित्व विकास, कौशल प्रशिक्षण, उद्योगों से संवाद एवं रोजगारपरक कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है। विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों के साथ भी निरंतर संपर्क बनाए रखता है, जिनकी उपलब्धियाँ वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

विश्वविद्यालय समावेशिता, समानता, सामाजिक न्याय एवं पर्यावरणीय जागरूकता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न विस्तार एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता उत्पन्न की जाती है। एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्र गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप विश्वविद्यालय बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित अधिगम, शैक्षणिक लचीलापन एवं परिणामोन्मुख शिक्षा प्रणाली को अपनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। नवाचार, उद्यमिता, व्यावसायिक शिक्षा एवं शोध आधारित अध्ययन को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों को वैश्विक परिवर्तनों एवं आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसे सक्षम, जिम्मेदार एवं नैतिक नागरिक तैयार करना है, जो समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

वर्षों से विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज का विश्वास अर्जित किया है। सुदृढ़ आधारभूत संरचना, दूरदर्शी नेतृत्व एवं समर्पित शैक्षणिक समुदाय के साथ विश्वविद्यालय निरंतर उत्कृष्टता, नवाचार एवं समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर है।

एक जीवंत एवं प्रगतिशील उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय विभिन्न क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमियों से आने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करता है। विश्वविद्यालय ज्ञान, कौशल, नैतिक मूल्यों एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण ऐसी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए सक्षम बनाए।

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## सामान्य प्रवेश प्रक्रिया – 2026

## (सत्र : 2026-2027)

### महत्त्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | **12-05-2026** |
| आवेदन करने एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **30-06-2026** |
| काउंसलिंग प्रारम्भ होने की तिथि | वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। |

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रवेश मात्र विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर ही दिया जायेगा तथा विश्वविद्यालय किसी भी पाठ्यक्रम और प्रवेश प्रक्रिया में कोई भी परिवर्तन कर सकता है। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी दशा में ऑफलाइन/अन्य माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकृत नहीं होंगे।
2. यह सूचना पुस्तिका/विवरणिका अभ्यर्थियों के लिए सामान्य दिग्दर्शन मात्र है तथा समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय परिनियमों के अधीन हैं।
3. इस विवरणिका में दी गयी समस्त सूचनाएं प्रामाणिक हैं। तत्पश्चात होने वाला कोई भी परिवर्तन विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.prsuniv.ac.in** पर दिए गये लिंक **Admission Portal** पर उपलब्ध होगी।
4. अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित कर लें कि जिस पाठ्यक्रम में वे प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं, उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु वे अर्ह है, प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
5. अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन भरते समय विशेष सतर्कता बरतें। अभ्यर्थी अपनी पात्रता के आधार पर पाठ्यक्रम का चयन करें। अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा उपलब्ध करायी गई समस्त सूचनाएं सत्य हैं और उनकी प्रविष्टियाँ आवेदन पत्र में सही हैं। सूच्य है कि अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करायी गईं सूचनाएं एवं आवेदन पत्र में भरी गईं प्रविष्टियों को किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किया जायेगा और विश्वविद्यालय न तो इस संदर्भ में उत्तरदायी होगा और न ही इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का आवेदन/निवेदन स्वीकार करेगा।
6. **आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रू 800/- तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए रू 500/- निर्धारित है। जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगी।**
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में पत्र व्यवहार एवं सन्दर्भ हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की छायाप्रति/फ़ीस जमा करने का विवरण अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।
8. किसी भी प्रकार के विषय पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा। विश्वविद्यालय इस विवरणिका में दिए किसी भी बिन्दु में किसी भी प्रकार का संशोधन, परिवर्तन कर सकता है तथा किसी भी बिन्दु को निरस्त कर सकता है।
9. **प्रवेश फार्म ऑनलाइन आवेदन किए जाने की प्रक्रिया निम्नवत् होगी :-**

    a. सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.prsuniv.ac.in** पर जाये।
    b. वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर **Admission Portal** के टैब में क्लिक करे, जिसके बाद एक नया पृष्ठ खुलेगा।
    c. इस पृष्ठ में स्नातक (बी०ए०, बी०कॉम०, बी०एस-सी०) हेतु **Integrated Programmes (UG+PG)** वाले बॉक्स में **Apply Now** पर क्लिक करे अथवा परास्नातक (एम०ए०, एम०कॉम०, एम०एस-सी० एवं एम०एस०डब्ल्यू०) हेतु **PG Programmes** वाले बॉक्स में **Apply Now** पर क्लिक करें, जिससे पश्चात एक नया पृष्ठ खुलेगा।
    d. अभ्यर्थी इस प्रवेश पोर्टल में सर्वप्रथम **New Registration** टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते है। कृपया पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी अपना स्वयं का वैलिड ई-मेल एवं मोबाइल का प्रयोग करें। पंजीकरण के दौरान आपसे एक पासवर्ड का निर्माण कराया जायेगा। कृपया पंजीकरण के उपरान्त ई-मेल एवं पासवर्ड से पोर्टल में लॉगिन करें।
    e. अभ्यर्थी लॉगिन के उपरान्त सर्वप्रथम **APPAR/ABC ID** प्रमाणित करें तदोपरांत अपनी प्रोफाइल को पूर्ण करें। ध्यान रहे एक बार प्रोफाइल लॉक होने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। प्रोफाइल पूर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चयन करें। अभ्यर्थी एक पंजीकरण से अपनी योग्यता के अनुसार एक से अधिक पाठ्यक्रम चयनित कर सकता है।
    f. पाठ्यक्रम चयन के पश्चात विद्यार्थी ऑनलाइन शुल्क जमा करें, शुल्क जमा करने के बाद आवेदन सफलतापूर्वक पूर्ण माना जायेगा।
    g. इस बात का ध्यान रहे कि आवेदन पत्र भरते समय जब तक आप **Final Submit** टैब में क्लिक नहीं करते, आप आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन कर सकते हैं किन्तु एक बार आवेदन पत्र सबमिट हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।
    h. सफलतापूर्वक आवेदन हो जाने के पश्चात् आप आवेदन पत्र को प्रिंट कर सकते हैं। आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को सुरक्षित रखें। काउंसलिंग के समय इसे विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।
    i. आप किसी भी समय लॉगिन करके आवेदन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं।
    j. भविष्य में पत्राचार हेतु कृपया पंजीकरण संख्या एवं आवेदन पत्र में अंकित मोबाइल नम्बर का प्रयोग अवश्य करें।
    k. विश्वविद्यालय में एक सत्र में केवल एक पाठ्यक्रम में ही प्रवेश होता है यदि आप एक से अधिक आवेदन करते हैं तो आपको प्रवेश किसी एक पाठ्यक्रम में ही लेना होगा।

# Steps for Online Form filling: Flow Chart

1. Click New Registration
2. Verify Email and Mobile No.
3. Login with registered email Id and Password
4. Verify APAAR/ABC ID
5. Complete and Lock your Profile first
6. Apply Programme
7. Select “PRSU PRAYAGRAJ”
8. Select “INSTITUTION DEPSRTMENT”
9. Select Respective Faculty or Department
10. Select Programme
11. Fill Required details
12. Preview Application
13. Pay Fee and Submit Application
14. Download PDF of submitted Application Form

# List of Programmes offered in the University Campus

**(Please select "INSTITUTION DEPARTMENT" to admission in University Campus)**

| S.N. | INSTITUTION DEPARTMENT | PROGRAMMES OFFERED | Apply Online |
|---|---|---|---|
| 1. | **Faculty of Social Sciences** | **Integrated Programme in Arts (BA)** | Apply |
| 2. | **Faculty of Commerce and Management** | **Integrated Programme in Commerce (B.Com.)** | Apply |
| 3. | **Faculty of Basic and Applied Sciences** | **Integrated Programmes in Sciences (B.Sc.)** | Apply |
| 4. | **Department of Hindi** | **M.A. in Hindi Literature** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Srijnatmak Media Lekhan Evam Hindi Patrakarita** | Apply |
| 5. | **Department of Sanskrit** | **M.A. in Sanskrit** | Apply |
| | | **Diploma in Jyotish** | Apply |
| | | **Diploma in Karmakand** | Apply |
| 6. | **Department of English** | **M.A. in English Literature** | Apply |
| 7. | **Department of Ancient History Culture and Archaeology** | **M.A. in Ancient History, Culture and Archaeology** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Archaeology and Museology** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Tourism and Hospitality** | Apply |
| 8. | **Department of Political Science** | **M.A. in Political Science** | Apply |
| 9. | **Department of Medieval and Modern History** | **M.A. in Medieval and Modern History** | Apply |
| 10. | **Department of Geography** | **M.A. in Geography** | Apply |
| 11. | **Department of Psychology and Behaviour Science** | **M.A. in Psychology** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Counselling** | Apply |
| 12. | **Department of Social Work** | **Master of Social Work (MSW)** | Apply |
| | | **M.A. in Yoga** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Yoga** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in NGO and Project Management** | Apply |
| | | **Post Graduate Diploma in Criminology and Criminal Justice** | Apply |
| 13. | **Department of Sociology** | **M.A. in Sociology** | Apply |

| S.N. | INSTITUTION DEPARTMENT | PROGRAMMES OFFERED | Apply Online |
|---|---|---|---|
| 14. | **Department of Philosophy** | **M.A. in Philosophy** | **Apply** |
| 15. | **Department of Applied Economics** | **M.A. in Economics** | **Apply** |
| 16. | **Department of Defence and Strategic Studies** | **M.A. in Defence and Strategic Studies** | **Apply** |
| 17. | **Department of Physics** | **M.Sc. in Physics** | **Apply** |
| 18. | **Department of Chemistry** | **M.Sc. in Chemistry** | **Apply** |
| 19. | **Department of Botany** | **M.Sc. in Botany** | **Apply** |
| 20. | **Department of Zoology** | **M.Sc. in Zoology** | **Apply** |
| 21. | **Department of Mathematics** | **M.Sc. in Mathematics** | **Apply** |
| 22. | **Department of Commerce** | **Master of Commerce (M.Com.)** | **Apply** |
| 23. | **Department of Computer Science and Information Technology** | **Post Graduate Diploma in Cyber Security** | **Apply** |

## महत्वपूर्ण निर्देश:

1. विषय चयन हेतु उपरोक्त सारणी के अनुसार विषय के सम्मुख अंकित INSTITUTION DEPARTMENT का चयन करें। सही INSTITUTION DEPARTMENT चयन के उपरांत ही विषय प्रदर्शित होगा।
2. IPA (BA) के विषय चयन हेतु तालिका-1 में दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक समूह से मात्र एक विषय का चयन किया जाना अनिवार्य है। किसी भी दशा में एक समूह से दो विषय का चयन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।
3. विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश हेतु INSTITUTION DEPARTMENT का चयन अवश्य करें इसके पश्चात सम्बंधित संकाय एवं विभाग का चयन करें। सम्बंधित संकाय एवं विभाग चयन के उपरांत विषय प्रदर्शित होगा।
4. किसी भी प्रकार की असुविधा हेतु हेल्पलाइन में संपर्क करें।

# विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

## 1. एकीकृत पाठ्यक्रम : (UG + PG)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा उ० प्र० शासन द्वारा निर्देशित न्यूनतम समान पाठ्यक्रम को मुख्य केन्द्र में रखते हुए, विश्वविद्यालय एवं उसके स्थानीय परिधि में शैक्षणिक उन्नयन, बहु-विषयकता, अंतर्विषयकता तथा छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके बौद्धिक क्षमता के विकास को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान तथा वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय में **5** वर्षीय (10 सेमेस्टर) कुल 4 एकीकृत पाठ्यक्रम (1 कला संकाय, 1 विज्ञान संकाय एवं **1** वाणिज्य एवं **1** प्रबन्ध संकाय) में संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों का मुख्य ध्येय यह है कि विद्यार्थियों में कौशल विकास के साथ-साथ उद्यमशीलता विकसित की जाएगी। साथ ही उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सफल तैयारी में सार्थक मदद प्रदान की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी केवल एक बार प्रवेश लेने के बाद एक वर्षीय प्रमाणपत्र, द्वि वर्षीय डिप्लोमा, तीन वर्षीय स्नातक, चार वर्षीय स्नातक (शोध सहित मानद) तथा एक वर्षीय स्नातकोत्तर अथवा द्वि वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर सकेगा। इन पाठ्यक्रमों में बहु-प्रवेश एवं बहु-निकास की सुविधा होगी।

**यह पाठ्यक्रम सी०बी०सी०एस०, सेमेस्टर, क्रेडिट एवं ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित होंगे। जिनकी संरचना निम्नवत है :-**

**1.** इन एकीकृत पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी दो प्रमुख विषयों **(Major Subjects)** का चयन करेगा, दोनों प्रमुख विषय एक ही संकाय से होंगे।

**2.** प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्ष (**4** सेमेस्टर) हेतु एक माईनर विषय **(Minor Subject)** का भी चयन करना होगा, जो किसी भी संकाय/विभाग से हो सकता है।

**3.** विद्यार्थियों को प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में एक-एक व्यवसायिक पाठ्यक्रम एवं एक वैल्यू एडेड कोर्स का भी चयन करना होगा।

**4.** विद्यार्थियों को द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एक-एक सह-पाठ्यक्रम का एवं समर ट्रेनिंग का विकल्प चयनित करना होगा।

**5.** विश्वविद्यालय, कला संकाय में एक एकीकृत पाठ्यक्रम **IPA (Integrated Programme in Arts)** संचालित कर रहा है :

**अ-** कला संकाय के अन्तर्गत तालिका-1 में उल्लिखित किन्ही दो मुख्य विषयों (प्रत्येक समूह से एक) का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या **60** निर्धारित है। तृतीय माइनर/वैकल्पिक विषय का चयन करते समय विद्यार्थियों को पूर्व-पात्रता का पालन भी करना होगा जो निम्नवत हैं :

- **a.** दो से अधिक भाषा विषय एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।
- **b.** समाजशास्त्र एवं समाजकार्य एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।
- **c.** प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व तथा मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विषय एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।

ब- विज्ञान संकाय में एक एकीकृत पाठ्यक्रम **IPS (Integrated Programme in Sciences)** में भी उपरोक्त नियमानुसार प्रवेश होंगे।

**6.** विश्वविद्यालय, वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय में भी दो एकीकृत पाठ्यक्रम **IPC (Integrated Programme in Commerce)** एवं **IPM (Integrated Programme in Management)** संचालित कर रहा है :

**अ-** वाणिज्य के विद्यार्थियों को माइनर/वैकल्पिक विषय अन्य संकाय से चयनित करने की स्वतन्त्रता होगी।

**ब-** प्रबन्धन के विद्यार्थियों को माइनर/वैकल्पिक विषय अन्य संकाय से चयनित करने की स्वतन्त्रता होगी।

**7.** विद्यार्थियों का प्रवेश उनके इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट निर्धारित करके किया जायेगा।

**8.** विद्यार्थी सफलतापूर्वक प्रथम वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् यदि निकास करता है तो उसे सम्बन्धित संकाय में प्रमाणपत्र, दो वर्ष पूर्ण करने पर सम्बन्धित संकाय में डिप्लोमा, तीन वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक उपाधि, चतुर्थ वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक (शोध सहित मानद) तथा पाँच वर्ष पूर्ण करने पर सम्बन्धित संकाय में परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी।

**9.** इस पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य यह है कि यदि कोई विद्यार्थी एक या दो वर्ष पूर्ण करने के बाद अध्ययन छोड़ देता है और वह पुनः कुछ समय बाद प्रवेश लेना चाहता है तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा। इस प्रकार उसके द्वारा उपयोग किये गये समय का सदुपयोग हो सकेगा।

## तालिका-1

# Guidelines to Select Subjects in IPA (BA) Programme

## Subject Combination for Major and Minor

| Group-A (Select any one as Major/Minor) | Group-B (Select any one as Major/Minor) | Group-C (Select any one as Major/Minor) |
|---|---|---|
| 1. Hindi | 1. Sanskrit | 1. English |
| 2. Ancient History, Culture and Archaeology | 2. Political Science | 2. Geography |
| 3. Medieval and Modern History | 3. Psychology | 3. Sociology |
| 4. Economics | 4. Philosophy | 4. Social Work |
| 5. Defence & Strategic Studies | 5. Other Faculty | 5. Other Faculty |
| 6. Other Faculty | | |

**Important Conditions:**

1. You have to Select Two Majors and One Minor from above groups.
2. **Kindly select any one subject from each group as a Major or a Minor Subject.**
3. You may select Minor from other faculties programmes like B.Com., BCA, BBA, Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Mathematics and Computer Science.
4. You may select Maximum two practical subjects.
5. You cannot select Sociology and Social Work both
6. You select Maximum two language subjects.
7. You cannot select Ancient History, Culture and Archaeology and Medieval and Modern History both

## तालिका-2

# Guidelines to Select Subjects in IPC (B.Com) Programme

## Subject Combination for Major and Minor

| Group-A (Select any one as Major) | Group-B (Select any one as Minor) |
|---|---|
| 1. Commerce | 2. Commerce |
| | 3. BBA |
| | 4. Other Faculty |

## तालिका-3

# Guidelines to Select Subjects in IPS (B.Sc.) Programme

## Subject Combination for Major and Minor

| Group-A (Mathematics) (Select any two as Major and one as Minor) | Group-B (Biology) (Select any two as Major and one as Minor) |
|---|---|
| 1. Mathematics | 1. Botany |
| 2. Physics | 2. Zoology |
| 3. Chemistry | 3. Chemistry |
| 4. Computer Science | 4. Computer Science |
| 5. Other Faculty | 5. Other Faculty |

## एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु गौण विषय (माईनर/इलेक्टिव) :

1. माइनर/इलैक्टिव विषय दो मुख्य विषयों को छोड़कर कोई तीसरा विषय होगा, जिसका अध्ययन विद्यार्थी दो वर्षों तक करेगा।
2. बहुविषयक्ता एवं अंतर्विषयकता सुनिश्चित करने के लिये माइनर/इलैक्टिव पेपर छात्र को किसी भी संकाय से लेना होगा। सम्बन्धित विषय के प्रत्येक सेमेस्टर हेतु निर्धारित सभी प्रश्न पत्रों का अध्ययन करना होगा।
3. विभाग उपलब्ध सीटों के आधार पर माइनर विषय को आवंटित कर सकता है।
4. माइनर/इलैक्टिव पेपर का चुनाव संस्थान में संचालित मुख्य विषयों में से किया जायेगा। चुने हुए माइनर विषय की कक्षायें विभाग में संचालित उसी कोर्स की कक्षाओं के साथ ही होगी तथा उसकी परीक्षा भी उसी के साथ होगी।

## एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु अनिवार्य मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम :

**तालिका-4**

**Value Added Course (Select any One):**

a. Understanding India
b. Environmental Education

## एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु व्यवसायिक (कौशल विकास) पाठ्यक्रम :

**तालिका-5**

| वर्त्तमान में संचालित व्यवसायिक/कौशल विकास पाठ्यक्रमों की सूची :- (किसी एक का चयन करें) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | Basics of Computer Applications | 8 | पत्रकारिता एवं जन संचार | 15 | Gardening |
| **2** | Basics of Microsoft Office | 9 | Yoga and Fitness | 16 | Remote sensing |
| **3** | Basics of Defence Journalism | 10 | Tour Guide | 17 | Professional Ethics |
| **4** | Communication Skills | 11 | सृजनात्मक लेखन | 18 | Presentation Skills |
| **5** | Professional Counseling and Communication | 12 | संगणक एवं ज्योतिर्विज्ञान | 19 | Food Processing |
| **6** | Entrepreneurship Development | 13 | Political Journalism | 20 | Cyber Security |
| **7** | Soft Skills Development | 14 | Computer Application | | |

## 2. परास्नातक पाठ्यक्रम : (MA, M.Sc.+MSW+M.Com.)

1. विश्वविद्यालय वर्तमान सत्र से परास्नातक (एम०ए०, एम०एस-सी०, एम०एस०डब्ल्यू, एवं एम० कॉम०) स्तर पर कुल 20 विषयों में सी०बी०सी०एस० प्रणाली पर आधारित पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित कर रहा है। ये सभी पाठ्यक्रम क्रेडिट एवं ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित सेमेस्टर पद्धति से आच्छादित होंगे।
2. परास्नातक में प्रवेश स्नातक एवं समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार होगा।
3. कला संकाय में भूगोल, मनोविज्ञान, समाज कार्य तथा विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान एवं गणित प्रयोगात्मक विषय हैं।
4. इनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित विषय सम्मिलित हैं :-

| सामजिक विज्ञान संकाय (एम०ए०, एम०एस०डब्ल्यू०) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी साहित्य | 2. | अर्थशास्त्र | 3. | राजनीति विज्ञान |
| 4. | संस्कृत | 5. | रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन | 6. | भूगोल |
| 7. | प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व | 8. | मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | 9. | अंग्रेजी साहित्य |
| 10. | मनोविज्ञान | 11. | समाज कार्य (एम०एस०डब्ल्यू०) | 12. | दर्शनशास्त्र |
| 13. | समाजशास्त्र | 14. | योग | | |
| विज्ञान संकाय (एम०एस-सी०) | | | | | |
| 1. | भौतिक विज्ञान | 3. | रसायन विज्ञान | 5. | गणित |
| 2. | जन्तु विज्ञान | 4. | वनस्पति विज्ञान | | |
| वाणिज्य संकाय एवं प्रबन्ध संकाय (एम.कॉम.) | | | | | |
| 1. | एम.कॉम. | | | | |

| डिप्लोमा पाठ्यक्रम (Diploma Programme) | | |
|---|---|---|
| **Diploma in Karmakand** | **Diploma in Jyotish** | |
| **परास्नातक डिप्लोमा (Post Graduate Diploma)** | | |
| **Post Graduate Diploma in Archaeology and Museology** | **Post Graduate Diploma in Yoga** | **Post Graduate Diploma in Counselling** |
| **Post Graduate Diploma in Tourism and Hospitality** | **Post Graduate Diploma in Criminology and Criminal Justice** | **Post Graduate Diploma in Cyber Security** |
| **Post Graduate Diploma in NGO and Project Management** | **सृजनात्मक मीडिया लेखन एवं हिन्दी पत्रकारिता** | |

## आरक्षण नीति एवं अधिभार :

उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। जो वर्तमान में निम्नवत है :

**प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आरक्षण का पालन किया जायेगा :**

| | |
|---|---|
| (क) अनुसूचित जाति | **21 प्रतिशत** |
| (ख) अनुसूचित जनजाति | **02 प्रतिशत** |
| (ग) अन्य पिछड़ा वर्ग (इसके लिए क्रीमी लेयर के अभ्यर्थी अर्ह नही हैं) | **27 प्रतिशत** |
| (घ) आर्थिक कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु (सामान्य वर्ग से) | **सम्पूर्ण अनुमन्य सीटों का 10% (सामान्य वर्ग से)** |

***नोट :*** ***1. उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या 1/2019/4/1/2002/का-2/19टी.सी.-II दिनांक 18 फरवरी 2019 के क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Economically Weaker Section) के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु अनुमन्य कुल सीटों के सापेक्ष 10% सीटों पर सामान्य वर्ग की उपलब्ध सीटों के अन्तर्गत आरक्षण किया जायेगा। उदाहरणस्वरुप – यदि किसी पाठ्यक्रम में 60 सीटें प्रवेश के लिए उपलब्ध हैं तो सामान्य वर्ग की 30 सीटों के अन्तर्गत 06 सीटें EWS वर्ग के लिए इस प्रकार आरक्षित की जाएंगी कि 01 सीट महिला (20% महिला आरक्षण) तथा 05 सीट पुरुष अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु उपलब्ध हो।***

***2. उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 5/2019/4/1/2002/का-2/2019टी.सी.1, दिनांक 13 अगस्त, 2019 द्वारा सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थाओं (अनुदानित एवं गैर-अनुदानित) में प्रवेश के लिए 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर प्रणाली जारी की गई है। विश्वविद्यालय परिसर तथा समस्त महाविद्यालयों में इसी 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर प्रणाली के आलोक में समस्त प्रवेश सम्पन्न किए जायेंगे।***

### क्षैतिज आरक्षण -

| | |
|---|---|
| (क) शारीरिक रूप से विकलांग (दृष्टिबाधितों हेतु 1% को सम्मिलित करते हुए) | 05 प्रतिशत |
| (ख) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित (पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री, प्रपौत्र/प्रपौत्री) | 02 प्रतिशत |
| (ग) भूतपूर्व सैनिक एवं युद्ध में शहीद, युद्ध में अपंग रक्षाकर्मी अथवा उनके पाल्य | 02 प्रतिशत |
| (घ) कार्यरत सैनिक एवं उनके पाल्य (पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री) | 01 प्रतिशत |
| (ड़) महिला अभ्यर्थियों के लिए | 20 प्रतिशत |

**नोट : आरक्षण का लाभ मात्र उत्तर प्रदेश के मूलनिवासियों को ही प्रदान किया जाएगा। क्षैतिज आरक्षण भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों के अधीन होगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु सक्षम अधिकारी का नवीनतम प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।**

### अधिभार -

**प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार अधिभार प्रदान किया जायेगा :**

| | |
|---|---|
| (क) एन०सी०सी० "बी०" अथवा "सी०" प्रमाणपत्र धारक | 2.5 प्रतिशत |
| (ख) उत्कृष्ट खिलाडी | 05 प्रतिशत |

**नोट : अधिभार का लाभ मात्र उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अधीन होगा।**

**छात्रावास: विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं हेतु छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।**

**छात्रवृति विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों के अधीन छात्रवृति की सुविधा प्रदान होगी।**

- छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट पर स्वयं आवेदन करना होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार से कोई सहायता नहीं करेगा। छात्रवृति सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी से विद्यार्थी को स्वयं सम्पर्क करना होगा।

## प्रवेश पद्धति

1. **प्रवेश अर्हकारी परीक्षा इंटरमीडिएट/स्नातक की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। यदि दो अभ्यर्थियों की मेरिट समान होती है तो उन पर निम्नलिखित शर्तानुसार प्रवेश दिया जायेगा :-**

**अ- एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु** : उनके हाईस्कूल के अंको के आधार पर अधिभार दिया जायेगा फिर भी यदि मेरिट समान है तो जिसकी उम्र अधिक होगी उसको प्रवेश दिया जायेगा।

**ब- परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु** : उनके इंटरमीडिएट के अंको के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। फिर भी यदि मेरिट समान है तो हाईस्कूल के अंको के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा परन्तु यदि फिर भी मेरिट समान है तो जिसकी उम्र अधिक होगी उसको प्रवेश दिया जायेगा।

2. मेरिट हेतु किसी भी संवर्ग (कैटेगरी) तथा भारांक (वेटेज) हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।
3. गलत जानकारी देने पर अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु उनका प्रवेश अन्तिम तिथि तक उत्तीर्ण अंकतालिका प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगा।
5. विद्यार्थी को प्रवेश के समय विश्वविद्यालय का निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क जमा करना होगा; जो विद्यार्थी के अध्ययन प्रारम्भ करने तथा सेमेस्टर/ईयर बैक की दशा में नॉन रिफंडेबल होगा।
6. अध्ययन अन्तराल (Study Gap) की दशा में विद्यार्थी रू 10 के हलफनामा में इस विषय का शपथ पत्र देंगे कि इस अन्तराल में उनके द्वारा क्या कार्य किये गये हैं।

## काउंसलिंग (Counselling)

**काउंसलिंग से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं वेबसाइट में प्रकाशित की जाएगी। कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन निरन्तर करते रहें।**

**काउंसलिंग के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल अभिलेख एवं उनकी एक छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।**

**(इनके बिना अभ्यर्थी के प्रवेश के दावे पर विचार नहीं किया जायेगा )**

| • एकीकृत स्नातक पाठ्यक्रम हेतु : | • परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु : |
|---|---|
| **1.** ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट | **1.** ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट |
| **2.** हाईस्कूल का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र | **2.** हाईस्कूल का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र |
| **3.** इंटरमीडिएट का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र | **3.** इंटरमीडिएट का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र |
| **4.** स्थानान्तरण प्रमाण पत्र | **4.** स्नातक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र |
| **5.** जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | **5.** मूल स्थानान्तरण/माइग्रेशन प्रमाण पत्र |
| **6.** ई०डब्ल्यू०एस० प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | **6.** जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) |
| **7.** दो रंगीन छायाचित्र | **7.** ई०डब्ल्यू०एस० प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) |
| **8.** प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क | **8.** दो रंगीन छायाचित्र |
| **9.** अधिभार प्रमाण पत्र (यदि अपने आवेदन पत्र में पूरित किया है) | **9.** प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क |
| | **10.** अधिभार प्रमाण पत्र (यदि अपने आवेदन पत्र में पूरित किया है) |

**नोट : कृपया निर्धारित शुल्क काउंसलिंग के समय जमा करनी होगी। शुल्क के विवरण हेतु शुल्क तालिका का अवलोकन करें।**

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## पाठ्यक्रम, सीट एवं न्यूनतम योग्यता (एकीकृत पाठ्यक्रमों में लेटरल प्रवेश)

**तालिका-6**

| परास्नातक (एम०ए०, एम०एस०डब्ल्यू०, एम०कॉम०, एम०एस-सी०) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र०स० | विभाग | विषय | अवधि | न्यूनतम योग्यता | सीट |
| **सामाजिक विज्ञान संकाय** | | | | | |
| 1. | प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व | प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण। | 60 |
| 2. | मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 3. | राजनीति विज्ञान | राजनीति विज्ञान | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 4. | दर्शनशास्त्र | दर्शनशास्त्र | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 5. | समाजकार्य | समाजकार्य (एम०एस०डब्ल्यू०) | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 6. | समाजकार्य | योग | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 7. | समाजशास्त्र | समाजशास्त्र | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 8. | व्यावहारिक अर्थशास्त्र | अर्थशास्त्र | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 9. | हिन्दी | हिन्दी | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 10. | संस्कृत | संस्कृत | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 11. | रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन | रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 12. | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 13. | भूगोल | भूगोल | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |
| 14. | मनोविज्ञान | मनोविज्ञान | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | | 60 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय** | | | | | |
| 15. | **वाणिज्य** | **वाणिज्य (एम०कॉम०)** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी०कॉम० तथा अर्थशास्त्र/गणित/सांख्यिकी के साथ 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 60 |
| **विज्ञान संकाय** | | | | | |
| 16. | **भौतिक विज्ञान** | **भौतिक विज्ञान** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान सहित 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 40 |
| 17. | **गणित** | **गणित** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित विषय सहित 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 40 |
| 18. | **वनस्पति विज्ञान** | **वनस्पति विज्ञान** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान सहित 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 40 |
| 19. | **जन्तु विज्ञान** | **जन्तु विज्ञान** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान सहित 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 40 |
| 20. | **रसायन विज्ञान** | **रसायन विज्ञान** | 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान सहित 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ स्नातक उत्तीर्ण।** | 40 |
| **डिप्लोमा पाठ्यक्रम (Diploma Programme)** | | | | | |
| **1.** | **संस्कृत** | **Diploma in Jyotish** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 40 |
| **2.** | **संस्कृत** | **Diploma in Karmakand** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 40 |

| परास्नातक डिप्लोमा (Post Graduate Diploma) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व** | **Post Graduate Diploma in Archaeology and Museology** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **2.** | **प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व** | **Post Graduate Diploma in Tourism and Hospitality** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **3.** | **समाज कार्य** | **Post Graduate Diploma in NGO and Project Management** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **4.** | **समाज कार्य** | **Post Graduate Diploma in Yoga** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **5.** | **समाज कार्य** | **Post Graduate Diploma in Criminology and Criminal Justice** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **6.** | **हिन्दी** | **सृजनात्मक मीडिया लेखन एवं हिन्दी पत्रकारिता** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **7.** | **मनोविज्ञान** | **Post Graduate Diploma in Counselling** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |
| **8.** | **कम्प्यूटर विज्ञान** | **Post Graduate Diploma in Cyber Security** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण** | 40 |

## तालिका-7: पाठ्यक्रम, सीट एवं न्यूनतम योग्यता

| क्र०स० | पाठ्यक्रम | विषय समूह | पाठ्यक्रम | अवधि | न्यूनतम योग्यता | सीट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **कला में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPA)** | 1.हिन्दी 2.संस्कृत 3.अंग्रेजी, 4.भूगोल 5.प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व 6.दर्शनशास्त्र 7.समाजशास्त्र 8.राजनीति विज्ञान 9.अर्थशास्त्र 10.समाज कार्य 11.मनोविज्ञान 12.रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन 13. मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | बी०ए०+एम०ए० | 5 वर्ष (10 सेमेस्टर) | **किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति -35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण** | 60 प्रति विषय |
| 2 | **विज्ञान में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPS)** | 1.भौतिक विज्ञान 2.रसायन विज्ञान 3.जन्तु विज्ञान, 4.वनस्पति विज्ञान 5.गणित 6.कम्प्यूटर विज्ञान | बी०एस-सी०+ एम०एस-सी० | 5 वर्ष (10 सेमेस्टर) | **विज्ञान वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति -35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण** | 60 प्रति विषय |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **नोट: गणित वर्ग में प्रवेश हेतु इंटरमीडिएट में गणित होना अनिवार्य है।** | | | | | | |
| 3. | **वाणिज्य में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPC)** | वाणिज्य | बी०कॉम० + एम०कॉम० | 5 वर्ष (10 सेमेस्टर) | **वाणिज्य/विज्ञान/गणित/ अर्थशास्त्र सहित किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति -35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण** | 120 |
| 4. | **प्रबन्ध में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPM)*** | व्यवसाय और प्रबन्ध | बी०बी०ए० + एम०बी०ए० | 5 वर्ष (10 सेमेस्टर) | किसी भी विषय वर्ग में 50% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति -45%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 120 |
| **नोट: बी०बी०ए० + एम०बी०ए० - प्रबन्ध में एकीकृत पाठ्यक्रम (IPM)** में प्रवेश व्यवसायिक पाठ्यक्रमों हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। अतः इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को व्यवसायिक प्रवेश प्रक्रिया **CET-2026** के अन्तर्गत आवेदन करना होगा। जिसका लिंक (**https://prsuniv.ac.in/**) वेबसाइट में उपलब्ध है। | | | | | | |

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## विश्वविद्यालय शुल्क विवरण

**(अकादमिक सत्र 2025-26 से लागू)**

तालिका-08

| पाठ्यक्रम | शुल्क (रू) प्रति सेमेस्टर |
|---|---|
| IPA (BA) | Rs. 4280/- |
| IPC (B.Com.) | Rs. 8680/- |
| IPS (B.Sc.) | Rs. 5780/- |
| कला परास्नातक (एम.ए., एम.एस.डब्ल्यू) | Rs. 5280/- |
| विज्ञान परास्नातक (एम.एस-सी.) | Rs. 6780/- |
| वाणिज्य परास्नातक (एम.कॉम.) | Rs. 10680/- |
| स्नातक डिप्लोमा | Rs. 2680/- |
| परास्नातक डिप्लोमा | Rs. 3000/- |

**नोट: अभ्यर्थी को प्रवेश के समय उक्त सेमेस्टर शुल्क के साथ रूपये 1720/- (One Time Fee) भी जमा करना होगा। जिसमें से कॉशन मनी- रूपये 1000/- पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी को वापस कर दी जाएगी।**

| प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, नैनी, प्रयागराज – 211010 | |
|---|---|
| वेबसाइट | www.prsuniv.ac.in |
| ई-मेल | admission@prsuniv.ac.in<br>samarth@prsuniv.ac.in |
| तकनीकी सहायक<br>(फॉर्म भरने से सम्बन्धित) | +91-9511450505<br>(10:00 AM to 5:00 PM, Monday to Saturday) |

**कुलसचिव**